
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 110 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**महामारी के प्रति लापरवाह होते लोग



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 28 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0° | 37871.52 | 5 कियारा के साथ अफेयर चाहते हैं सिदार्थ | 6 गंभीर रोगों का शिकार बना रहा हेडफोन

## संक्षिप्त समाचार

### पूवी सीएम हरीश रावत समेत 200 कांग्रेसियों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
देहरादून। राजभवन कूच के दौरान सड़क जाम करने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत कांग्रेस के करीब 200 नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि इनमें से कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बैरियर पर तैनात पुलिस कर्मियों से धक्का–मुक्की की। पुलिस के अनुसार, इनके पास प्रदर्शन की कोई अनुमति भी नहीं थी। राजस्थान में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के विरोध में सोमवार को कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में नेता व कार्यकर्ता राजभवन कूच को निकले थे।

### लालजी टण्डन की अस्थिया गंगा में हुई विसर्जित

**संवाददाता** हरिद्वार। भाजपा के वरिष्ठ नेता व मध्य प्रदेश के राजयपाल रहे स्वर्गीय लालजी टण्डन की अस्थियो को विधि विधान से हरकी पौड़ी पर गंगा में विसर्जित की गई। इस मौके पर उत्तराखण्ड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्या सहित कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जहां भूमा निकेतन पीठाधीश्वर स्वामी अच्युतानन्द तीर्थ महाराज के साथ प्रदेश के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने अस्थियो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि परपित की। हरकी पौड़ी पर उनकी अस्थियो को विधि–विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गई।

### दर्जनों महिलाओं ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
देहरादून। कांग्रेस और बीजेपी छोड़ कर दर्जनों महिलओं ने आज प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का दमान थाम लिया। उन्होने पार्टी की नीतियों में आस्था दिखाते हुए वादा किया कि इस बार आम आदमी पार्टी की सरकार ही आएगी। सदस्ता लेने वाली महिलाओं ने कहा कि वे अब कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सरकारों को कार्यो को देख चुकी है।

# देश की सेवा हो, जीवन का लक्ष्य

## मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने राज्य के छात्र–छात्राओं से ई–संवाद किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने ई–संवाद कार्यक्रम में राज्य के छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देशभक्ति सभी सद्गुणों की जननी होती है। जिस भी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाएं, उसका उद्देश्य देशभक्ति होनी चाहिए। जो भी कैरियर बनाएं, मकसद एक ही होना चाहिए कि देश के लिए कुछ करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हनुमानजी से सीखा जा सकता है। 'रामकाज किन्हे बिना मोहे आराम कहां'। जब तक लक्ष्य पूर्ति न हो, आराम नहीं करना है। पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी की आज पुण्य तिथि है। हम उन्हें नमन करते हैं। वे सेना में अधिकारी बनना चाहते थे। देहरादून में साक्षात्कार के लिए आए परंतु

■ देशभक्ति सभी सद्गुणों की जननी होती हैः सीएम

उसमें सफल नहीं हुए। निराश हुए, तब ऋषिकेश गए, वहां एक संत से मार्गदर्शन लिया। इसके बाद उन्होंने पूरे मनोयोग से प्रयास किए और एक महान वैज्ञानिक बने। देश के राष्ट्रपति बने। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का विषय है। हमारे प्रदेश में एक आईएएस हैं जो पहले श्रमिक का काम करते थे। उन्होंने मेहनत की और आईएएस बने। सफल होने के लिए जरूरी है कि हमारे प्रयास पूर्ण मनोयाग से हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का मात्रात्मक प्रसार काफी हुआ है। अब विशेष तौर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्वालिटी एजुकेशन पर ध्यान देना होगा।

### एक विद्यालय प्रतिभावान बच्चों के लिए खोला जाएगा

राज्य में एक विद्यालय प्रतिभावान बच्चों के लिए खोला जाएगा। इसमें कक्षा 6 से 12 तक संचालित की जाएंगी। इसमें राज्य स्तरीय परीक्षा के बाद प्रवेश दिया जाएगा। आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों के बच्चों से शुल्क लिया जाएगा जबकि निर्धन व प्रतिभावान बच्चों के लिए शिक्षा निशुल्क होगी।




आज का युग कड़ी प्रतिस्पर्धा का है। उच्च शिक्षण संस्थानों को वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बदलना होगा। इसी सोच के साथ सीपैट और ड्रोन एप्लीकेशन सेंटर की स्थापना की गई। इसके अलावा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भी प्रारम्भ की जाएगी। जल्द ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट भी शुरू किया जाएगा।

उत्तराखण्ड में स्नातकोत्तर और रिसर्च के लिए आवासीय साईंस कॉलेज की स्थापना पर भी विचार किया जा रहा है।

### सरकार और समाज से आवश्यक सहयोग मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे पूर्ण मनोयाग से आगे बढ़ें और मेहनत करें। जरूरत पड़ने पर सरकार और समाज से आवश्यक सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चमोली जिले के एक बच्चे का सेलेक्शन लंदन स्कूल ऑफ आर्टस में हुआ। उसे वहां भेजने की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार निर्धन परिवार की एक छात्रा पढ़ाई के लिए न्यूजीलैंड जाना चाहती थी। पता चलने पर इसकी भी व्यवस्था की गई। जो भी पाना चाहते हैं, उसकी पूरी तैयारी करें। जब मदद की जरूरत पड़े, तो बताएं। सरकार के साथ ही व्यक्तिगत तौर पर भी लोग मदद के लिए आते हैं।

# चारधाम यात्रा के लिए अब सभी को अनुमति

## चारधाम यात्राः चार सप्ताह में 23608 ई–पास जारी हुए

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम् प्रबंधन बोर्ड द्वारा प्रदेश के लोगों के लिए चार धाम यात्रा का 1 जुलाई से शुभारंभ हुआ जबकि 25 जुलाई से कुछ प्रावधानों के साथ चार धाम यात्रा सभी के लिए शुरू हो चुकी है।

उत्तराखंड से बाहर के तीर्थ यात्री 72 घंटे पूर्व की एमसीआर से प्रमाणित लैब से कोरोना जांच की नैगेटिव रिपोर्ट अथवा क्वारंटीन अवधि का प्रमाण एवं स्वास्थ्य मानको का पालन कर देवस्थानम बोर्ड से ई पास बनाकर चारधाम यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए मानक प्रचालन विधि जारी की जा चुकी है। आज शायं पांच बजे तक उत्तराखंड देवस्थानम् प्रबंधन बोर्ड की वेबसाइट से 534 लोगों ने चार धामों हेतु ई पास बुक कराये हैं। जिसमें श्री बदरीनाथ धाम के लिए 103 श्री केदारनाथ धाम के लिए 340 श्री गंगोत्री धाम हेतु 47 श्री यमुनोत्री धाम हेतु 44 लोगों ने ई पास बुक कराये हैं। सावन माह के दौरान श्री केदारनाथ एवं श्री गंगोत्री के लिए ई पास की संख्या में वृद्धि हुई। उत्तराखंड चार धाम देवस्थानम् प्रबंधन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन ने यह जानकारी दी है। बताया कि देवस्थानम द्वारा अब प्रदेश से बाहर लोगों को कुछ शर्तों के साथ चार धाम यात्रा की अनुमति दे दी गयी है। चारधाम यात्रा के अच्छे परिणाम आ रहे हैं।

थर्मल स्क्रीनिंग, सेनेटाइजेशन के पश्चात ही मंदिरों में तीर्थ यात्रियों को प्रवेश दिया जा रहा है। मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है शोसियल डिसटेंसिंग का ध्यान रखा जा रहा है। यात्रा मार्ग पर देवस्थानम बोर्ड के यात्री विश्राम गृहों को तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु खोला जा चुका है।

### लोगों में चारधाम यात्रा के प्रति उत्साह

देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़ ने बताया कि अभी तक दस हजार से अधिक तीर्थयात्री चार धाम के दर्शन कर चुके है। पोर्टल प्रभारी संजय चमोली के अनुसार ई–पास के लिए श्रद्धालुओं द्वारा लगातार संपर्क किया जा रहा है तथा यात्रियों को उचित मार्गदर्शन किया जा रहा है। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.डी.सिंह ने बताया कि देवस्थानम बोर्ड द्वारा 1 जुलाई से 27 जुलाई शाम पांच बजे तक 23608 ई–पास जारी किये जा चुके हैं। ई पास लेकर तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं।

# दून में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1421 पहुंची

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत 74 सैम्पल जांच हेतु भेजे गये तथा 12 सैम्पल पॉजिटिव आने के फलस्वरूप जनपद में कोरोना पॉजिटिव संक्रमितों की संख्या 1421 हो गयी है, जिनमें 432 व्यक्ति वर्तमान में उपचाररत् हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में आज कुल 490 व्यक्तियों के सैम्पल लिये गये। को–मोर्बिडिटी मॉनिटरिंग और सर्विलांस कन्ट्रोलरूम से को–मोर्बिडिटी अवस्था वाले कुल 464 व्यक्तियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी।

आशा कार्यकर्तियों द्वारा जनपद देहरादून अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न कन्टेंनमेंट जोन में व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत 1496 व्यक्तियों का फॉलोअप किया जा चुका है। अन्य राज्यों से जनपद में पंहुचे कुल 534 व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत क्वारेंटीन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा आज जनपद में शहरी क्षेत्र, विकासखण्ड सहसपुर क्षेत्रान्तर्गत 124344 व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य किया गया, जिनमें 177 को–मोर्बिडिटी अवस्था वाले व्यक्ति को भी चिन्हित किया। आज विभिन्न चिकित्सालयोंः स्वास्थ्य कार्मिकों को 58 एन–95 मास्क, 518 ट्रिपल लेयर, 54 सेनिटाइजर, 10 सर्जिकल गलब्स वितरित किये गये।

### कोरोना अपडेट

**बिना चिकित्सक के परामर्श की पर्ची है प्रतिबन्धित**

कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु समस्त मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के परामर्श की पर्ची के सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाईयों का विक्रय प्रतिबन्धित किये जाने के उपरान्त समस्त मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा जनपद में कुल 96 व्यक्तियों को चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाईयां विक्रय की गयी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना संक्रमण के चलते हालात चिंताजनक

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के चलते हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राज्य सरकार ने हालांकि कोरोना संक्रमण को अभी तक कम्युनिटी स्प्रेड नहीं माना है लेकिन ऑफिस, फैक्ट्रियों, अस्पतालों, मोहल्लों और जेल में लगातार पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं। इसके चलते राज्य में कोरोना के संक्रमण को रोकना चुनौती बन सकता है।

**मुश्किलें**
लगभग दोगुना नए मरीज सामने आए

राज्य में इस सप्ताह पिछले हफ्ते के मुकाबले लगभग दोगुना नए मरीज सामने आए। इससे राज्य के अस्पतालों पर दबाव बढ़ने के साथ ही रिकवरी रेट में भी खासी कमी आ गई है। कोरोना काल के 19 वें सप्ताह में कुल 1685 नए मरीज मिले हैं। जो एक सप्ताह में राज्य में अभी तक मिले मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। 18 वें सप्ताह में राज्य में कुल 859 मरीज मिले थे। राज्य में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 2365 हो गई है। राज्य में कोरोना मृत्यु दर को कम रखने के लिए सरकार ने एक्सपर्ट ग्रुप बनाया है, जो राज्य के सभी अस्पतालों में भर्ती गंभीर मरीजों पर नजर रखेगा।